# बिहार विधान परिषद

(विधान परिषद् का 192वां बजट सत्र)

## 22 जुलाई 2019

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

- 30

----

### नाला निर्माण

*231 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत बंजरिया, प्रखंड बंजरिया,जिला पूर्वी चम्पारण वार्ड नंबर 12 में सुनील सिंह ,जदयू नेता के घर से उपाध्याय जी के घर होते हुए धनौती नदी तक नाला नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड'क' के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्राम पंचायत बंजरिया, प्रखंड बंजरिया अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में सुनील सिंह, जदयू नेता के घर से उपाध्याय जी के घर तक नाला का निर्माण कराना चाहती है ?

----

### पदाधिकारी पर कार्रवाई

*339 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि रुस्तमपुर कच्ची दरगाह पीपापुल, राघोपुर प्रखंड से एक

बड़ी आबादी के पटना आवागमन का मुख्य मार्ग है;

(ख) क्या यह सही है कि रख-रखाव के अभाव में उक्त पीपापुल की स्थिति काफी जर्जर है, जिसके कारण आये दिन इस पुल पर दुर्घटना होती रहती है और लोगों के जानमाल की भयंकर क्षति होती रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर को पटना से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण पीपापुल का रख-रखाव सही ढंग से न करने वाले संवेदक एवं उन्हें सहयोग करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## केन्द्र की स्थापना

*340 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में बिहार लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत R.T.P.S केन्द्र की स्थापना करने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से एक-एक कार्यपालक सहायक प्रत्येक ग्राम पंचायत में रखने का प्रस्ताव है जिससके पास अपना लैपटॉप एवं डेटा कार्य उपलब्ध रहेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राज्य के सभी पंचायतों में बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत R.T.P.S केन्द्र की स्थापना कराना चाहती है?

----

## प्राथमिकता के आधार पर पथ निर्माण

*341 **डा. दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लदनियां प्रखण्ड स्थित पद्य गांव के राजा पद्य सिंह डीह की पद्य छपकी पीडल्यूडी मुख्य सड़क से अभी तक नहीं जोड़ा जा सका है, जबकि उक्त सड़क मंसूरी मुहल्ले होते हुए इंडों नेपाल सीमा को जोड़ती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर वर्षा के दिनों में चलना दुर्लभ हो जाता है, इस

कारण स्थानीय लोगों बराबर मांग उठाते रहते हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि सीमा क्षेत्र विकास योजना मद से सीमावर्ती क्षेत्र विकास योजना मद से सीमावर्ती क्षेत्र में सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पद्या-छपकी पीडल्यूडी मुख्य सड़क को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण

*342 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री के 15 अगस्त 2018 की घोषणा के आलोक में पटना जिले के न्यू जगनपुरा रोड से चिपुरा तक मुख्य सड़क का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा प्रारंभ किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि निर्माणाधीन सड़क के दोनों किनारे के भूस्वामियों ने अतिक्रमण कर सड़क पर प्लेटफार्म, छज्जा बना लिया है, जिसे संवेदक द्वारा तोड़कर हटाने पर भूस्वामी द्वारा विवाद उत्पन्न किया जाता है, फलतः सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न होने से निर्माण कार्य धीमा है;

(ग) क्या यह सही है कि वरीय पदाधिकारियों की इसकी सूचना रहने के बावजूद भी भूस्वामियों के ऊपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार भूस्वामियों द्वारा अतिक्रमित अवैध प्लेटफार्म एवं छज्जा को तोड़कर सड़क निर्माण कार्य निर्बाध रूप से प्रारंभ कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ,नहीं तो क्यों ?

----

## पी.सी.सी. सड़क निर्माण

*343 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत राज मियांपुर, प्रखंड बैरिया, पश्चिम चम्पारण जिले में वार्ड नंबर- 06 में श्मशान घाट से बुढि़या माई होते हुए सुनील प्रसाद के खेत तक सड़क अत्यंत खराब है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वार्ड नं0-6 में श्मशान घाट से बुढि़या माई होते हुए सुनील प्रसाद के खेत तक ईंट सोलिंग एवं पी.सी.सी. ढलाई का कार्य कराना चाहती है ?

----

## सड़क का निमार्ण

***344 श्री सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत गौड़ाबौराम प्रखंड के कसरौर बेलबाड़ा का भगवती मुसहरी टोल 50 परिवार का गांव है ;

(ख) क्या यह सही है कि यह गांव दलित एवं पिछड़ा बहुल इलाका है ;

(ग) क्या यह सही है कि अभी तक इस क्षेत्र में सड़क नहीं बनी है जिससे कारण इस क्षेत्र के दलित परिवारों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार उक्त स्थान में भूमि अधिग्रहण कर सड़क निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक , नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***345 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत बहादुरगंज टाड़ी के पास पुनपुन नदी में पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है एवं नदी के पश्चिम नूरचक गांव से भी नदी तक पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि पुनपुन नदी में सिर्फ पुल नहीं रहने के कारण दर्जनों गांव के

लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## सड़क निर्माण पर विचार

***346 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के प्रखंड धरहरा पंचायत मजगामा, ग्राम कोईलो मुसहरी निचली टोला, मांझी टोला से मेन रोड तक सड़क नहीं रहने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जनहित को ध्यान रखते हुए सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क एवं पुल का निर्माण

***347 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के लक्ष्मीनियां-मानगंज सड़क की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है जबकि इस सड़क का जुड़ाव सीधे राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-327E से है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के मध्य छुरछुरिया नदी पर बने पुल की जर्जरता के कारण व्यावसायिक बड़े मध्यम वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सुपौल जिले के त्रिवेणी एवं छातापुर स्थित दर्जनों गांवों की जनभावना के अनुरूप सड़क की पूर्ण मरम्मती तथा नये पुल के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अद्यतन कराने के संबंध में

*348 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्यपालन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन जलकरों का खाता, खेसरा, रकबा एवं चौहद्दी अद्यतन नहीं है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जलकरों का खाता, खेसरा, रकबा एवं चौहद्दी अद्यतन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क निर्माण

*349 **श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के छौड़ाही बखड्डा चौक से कचहरी रामपुर होते हुए बरैपुरा जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त सड़क विगत कई वर्षो से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आम अवाम को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उपर्युक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## निर्णय पर विचार

*350 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पूर्वी गार्डिनर रोड स्थित आवासित आवासों को पत्रांक सं.- SE- AP -312 (5- 90) 2016 के ज्ञापांक 239(म) के द्वारा पूर्वी गार्डिनर रोड स्थित वाणिज्य कर विभाग के आवास को ध्वस्त कर भवन निर्माण कार्य के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृत हेतु समर्पित किया गया ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वाणिजय कर आवासों में कई वर्षों तक अवैध कब्जा रहने के कारण भवन निर्माण विभाग को राजस्व का नुकसान होने के कारण उक्त आवासों को वाणिज्य कर विभाग से वापस लेने का निर्णय लिया गया था, परन्तु आदेश को गुमराह करते हुए भवन ध्वस्त करने एवं नया निर्माण करने का प्राक्कलन बनाने का पुनः पत्र निर्गत किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त आवासों को वाणिज्य कर विभाग से वापस लेकर भवन निर्माण विभाग के द्वारा उक्त आवासों को आवंटित किया गया है तथा उक्त सभी आवासों में मरम्मति कार्य हेतु विभाग के द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किया गया है ;

(घ) क्या यह सही है कि उसी परिसर में बहुत ही खाली जमीन पड़ा हुई है तथा में प्रेसिडेन्ट चेम्बर के पास जर्जर सभी आवास, जो अवैध कब्जा में है उन्हें मुक्त कराते हुए वाणिज्य कर विभाग का ऑफिस एवं आवास का निर्माण तथा राजस्व की बर्बादी को बचाया जा सकता है ;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अवैध कब्जा से मुक्त करने एवं खाली पड़ी जमीन पर नया भवन निर्माण करने तथा उक्त आवंटित आवासों से राजस्व प्राप्त करने संबंधी निर्णय करने हेतु विचार रखती है, यदि हां तों कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़कों का पक्कीकरण

***351 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड के ग्राम गोरहारी से पिपरा बिसनपुर, इन्दरवा से सिसवा, परसा गांव से परसा बाजार, मलियावाड़ी से अधखनीमोड़ बबुरवन से महादेवपट्टी मठ,सिसवा से बेतहा एवं खैरवा गांव से मलाही तक की ग्रामीण सड़कों की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गई है, जिस कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इन ग्रामीण सड़कों का पक्कीकरण करना चाहती है, यदि हां तो, कबतक ?

----

## बाजार समितियो का जीर्णोद्धार

***352 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है लेकिन राज्य में मौजूद अधिकांश कृषि उत्पादन बाजार समितियों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अधिकांश किसान फसल को ज्यादा दिनों तक अपने पास नहीं रख सकते हैं, क्योंकि उनके पास इतनी क्षमता नहीं है और उचित बाजार नहीं होने की वजह से किसान अपने उत्पादन औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार की धरती काफी उपजाऊ है और यहां के किसान बेहद मेहनती हैं लेकिन अभी उन्हें अपनी मेहनत का समुचित प्रतिफल नहीं मिल पा रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य में 54 कृषि उत्पादन बाजार समितियां हैं लेकिन राज्य सरकार के द्वारा 23 बाजार समितियां का ही जीर्णोद्धार दो फेज में किये जाने की योजना बनाई गई है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के किसानों को कृषि उत्पाद का समुचित मूल्य दिलाने के लिए सभी 54 कृषि उत्पादन बाजार समितियों का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

*353 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पिछले दिनों पटना के बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी के सेक्टर-4 में भूतनाथ रोड का चौड़ीकरण हो रहा था ;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक चौड़ीकरण का काम पूरा नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि चौड़ीकृत कुछ भागों के दोनों किनारे बेतरतीब ढंग से सीमेंट की ईंटें बिछाई गयी हैं और अधिकांश भाग छुटा हुआ है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सड़क का चौड़ीकरण और ईंटकरण का कार्य कब तक पूरा करेगी ?

----

## ओवर ब्रिज का निर्माण

*354 **श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिले के बगहा नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत बगहा रेलवे स्टेशन ढाला चौक पर ओवर ब्रिज नहीं होने से आए दिन जाम लगता है, जिससे आम जनता को यातायात में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित स्थल पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बताएगी कि ओवर ब्रिज निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ होगा ?

----

## सड़क की मरम्मति

*355 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण (छपरा) जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के दयालपुर नहर से बहुआरा, सिसवां रामपुर मोथाहा तक सड़क काफी जर्जर है, जिसके कारण बराबर सड़क दुर्घटना घटती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*356 **श्री राणा गंगेश्वर सिंह (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहनपुर प्रखंड के मोहिउद्दीनगर उत्तर, दक्षिण एवं करीम नगर पंचायत को जोड़ने हेतु बायां नदी पर मोगल चक घाट से चांदपुरा घाट होते पटोरी अनुमंडल जानेवाली सड़क के बायां नदी पर उच्चस्तरीय

आर.सी.सी. पुल निर्माण की मांग बराबर होती रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि मोगलचक करीमपुर घाट के बायां नदी शेखपुरा पूरब एवं पश्चिम 60 मि.मी. में कोई दूसरा पुल नहीं है;

(ग) क्या यह सही है मोहिउद्दीनगर बाजार को अपने पटोरी अनुमंडल मुख्यालय के सीधा जुड़ जायेगा और आवागमन आसान हो जायेगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोगलचौक चैनपुरा घाट के बीच बायां नदी पर आर.सी.सी. पुल बनाने का विचार रखती है,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

***357 श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर से खजौली होते हुए जयनगर तक जाने वाली मुख्य सड़क राजनगर सुभाष चौक स्टेशन चौक होते हुए श्री रामपुर टोले तक लगभग 3 किलोमीटर तक जर्जरावस्था में है और सड़क के गड्ढे में जल जमाव से झील जैसा दृश्य उपस्थित हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस एक मात्र मुख्य सड़क पर वाहन का चलना बंद है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंदर सड़क का जीर्णोद्धार कर आवागमन चालू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ का निर्माण

***358 श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के पढौती पंचायत के टेकरी ग्राम से कोच डिहरा पथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यथाशीध्र उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## पथ का चौड़ीकरण

***359 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत NH-57 पथ में अवस्थित मनीगाछी से बथिया पथ, जिसकी लंबाई लगभग 12 किलोमीटर तथा जो पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क है कम चौड़ा रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या राज्य सरकार उक्त पथ को पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के द्वारा चौड़ीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करना सुनिश्चित करेगी, यदि हां तो कबतक ?

----

## पुल का निर्माण

***360 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत अमदाबाद प्रखंड की सीमावर्ती पंचायत पूरबी करिमुल्लापुर से पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली पहाड़पुर पूरब टोला में एक आर.सी.सी. पुल का निर्माण आवश्यक है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर वर्तमान में चचरी पुल बनाकर लोगों का आवागमन होता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल के बन जाने से काफी बड़ी आबादी को आवागमन के साथ—साथ व्यवसाय के कार्य में भी सुविधा होगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जर्जर पथ की मरम्मती

***361 श्रीमती मनोरमा देवी (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड स्थित आदर्श ग्राम पंचायत धरनई के ग्राम–ओबार NH-83 से पश्चिम ग्राम तक पथ जिसकी लंबाई 600 मीटर है, की स्थित काफी जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पथ जर्जर हो जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में खंड 'क' में वर्णित जर्जर पथ की मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## यांत्रिकीकरण अनुदान

*362 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर प्रखंड की मथुरापुर कहतरवा पंचायत में कृषकों को कृषि यांत्रिकीकरण का कोई अनुदान नहीं मिलता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचायत में कृषकों को कृषि यांत्रिकीकरण का अनुदान अविलम्ब देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का निर्माण

*363 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड की बसंतपुर पंचायत के ग्राम भरतपुर में ब्रह्मदेव पासवान के घर से लेकर मुख्य सड़क तक जाने वाला रास्ता अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ’क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ निर्माण

***364 श्री राधा मोहन शर्मा (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम-चौसा भाया कोचस से पी.डब्ल्यू.डी. पथ से लिंक पथ निर्माण विभाग की पथ है,

(ख) क्या यह सही है कि हरदासपुर विलारी पथ निर्माण विभाग की सड़क का नामकरण विभाग द्वारा गलत किया गया है,

(ग) क्या यह सही है कि इस पथ निर्माण विभाग सड़क का नामाकरण सोनवर्षा से चलकर हरदासपुर मौजा नाम तक समाप्त हो जाता है,

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ निर्माण विभाग की सड़क को सोनवर्षा हरदासपुर पथ निर्माण रोड का नामकरण करने के प्रति विचार रखती है, नहीं तो क्यों

----

## पक्की गली-नाली योजना

***365 श्री दिनेश प्रसाद सिंह (मुज्जफरपुर स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में अनुदान मद की वर्ष 2018-19 की आवंटित राशि में से प्रत्येक जिला परिषद् के लिए कर्णांकित मो0- 6,00,00,000/-00 (छः करोड़) की राशि को आवंटित किये जाने के बावजूद प्रशिक्षण संस्थान के नाम व्यय करने के बिन्दु पर रोक कर रखा गया है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रोक कर रखी गई राशि को तत्काल मुख्यमंत्री सात निश्चत योजना अंतर्गत पक्की गली- नाली योजना में व्यय करने हेतु विमुक्त करने का विचार रखती है ?

----

## नाले का निर्माण

***366 श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना मुख्यालय से 30 कि.मी. की दूरी पर बिहटा औद्योगिक एवं शिक्षा केन्द्र की पहचान बना है;

(ख) क्या यह सही है कि बड़े –बड़े औद्योगिक एवं शिक्षा संस्थान रहते हुए ग्राम पंचायत से विदित हो कि बिहटा शहर नगर परिषद् होने की काबिलियत रखता है;

(ग) क्या यह सही है कि बिहटा उपलब्धियों के रहते हुए बजबजाती नालियों एवं सड़कों पर बहते हुए गंदी नालियों के पानी के लिए मशहूर हो रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि इस कारण मुख्य मार्ग से लेकर गली तक छोटे-छोटे तालाब के रूप में परिणत हो चुके हैं;

(ङ) क्या यह सही है कि इस कारण वहां के लोगों को कीचड़ एवं गंदी नालियों के पानी के बीच में रह कर अपना गुजर बसर करना पर रहा है;

(च) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहटा की सड़क एवं गलियों में पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला निर्माण

***367 श्री मनोज यादव (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिहटा प्रखंड की नेउरा पंचायत के वाडं सं.-6 में अमीरक चौधरी के घर से जेटियल टावर मेन रोड तक नाला निर्माण का कार्य एक साल पहले शुरू किया गया था,

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पंचायत में नाला का निर्माण कार्य अधूरा है,

(ग) क्या यह सही है कि नाला का पूरा निर्माण नहीं होने के कारण पिछले वर्ष खुले नाले में गिरने के कारण एक बच्ची की मौत हो गई थी,

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेउरा पंचायत के

वार्ड नं.-6 के आधा-अधूरा नाला निर्माण की यथाशीघ्र पूरा कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों

----